संक्षिप्त

महाराणा प्रताप क्लब को हराया

गंगापुर सिटी, (निसं)। दौलतपुर गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है। फाइनल मुकाबले में ब्रह्मबाद की टीम ने दौलतपुर महाराणा प्रताप क्रिकेट क्लब को 14 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्रह्मबाद की टीम 15 ओवर में 53 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए दौलतपुर महाराणा प्रताप क्रिकेट क्लब की टीम 39 रन पर सिमट गई। इस तरह ब्रह्मबाद ने 14 रन से यह मुकाबला जीता। विजेता टीम ब्रह्मबाद को 21 हजार रुपए नकद पुरस्कार और शील्ड प्रदान की गई। उपविजेता दौलतपुर टीम को 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में अभिषेक उर्फ आशीष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दौलतपुर के दीपक खारवाल को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में बाबा मिठेलाल, मुकट, ठंडी राम, बत्ती लाल, भीम सिंह, सुरेश, दीपक, शिव सिंह, विनोद, जय सिंह, धर्म सिंह, सुखदेव, शिंभु, गोलू, मोहन, हरि चरण, कैलाश, दिलखुश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन

करौली, (निसं)। श्री राधा मदन मोहन जी मंदिर में आज पोष खिचड़ी के वितरण का आयोजन हुआ वहीं संगीतमय सुंदरकांड का पठन किया गया। शयन आरती भक्ति मंडल के जयंत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष मंगलवार को पौष खिचड़ी का श्रद्धालुओं को वितरण किया गया इससे पूर्व पूर्व दोपहर 2 से शाम 5 तक संगीतमय सुंदरकांड का पंडित शिवजी प्रसाद शास्त्री द्वारा पठन कराया गया उन्होंने बताया कि खिचड़ी वितरण में लकी काका मनोज बंसल विक्की शर्मा नीरज शर्मा देव सुधीर नायर लव कुश उर्फ धर्मेंद्र शर्मा आदि ने खिचड़ी वितरण में सहयोग दिया।

नाती के जन्मदिन पर भोजन कराया

करौली, (निसं)। करौली शहर के मदन मोहन जी के पास निवासी एडवोकेट महेंद्र मुद्गल एवं उनकी पत्नी रक्षा शर्मा ने अपने पुत्र पार्थ सारथी मुद्गल का बुधवार को यहां के मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजन शाला में जन्मदिन मनाया जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों और उनके परिजनों के अलावा असहाय लोगों को खीर पूरी सब्जी और पकौड़ी की प्रसादी ठाहण कराई इस अवसर पर भोजन शाला समिति के अध्यक्ष बालासाहेब देवेंद्र शर्मा काउंटर वाले नागेंद्र शर्मा जीतू पत्रकार आदि लोग उपस्थित रहे उधर भोजन शाला समिति अध्यक्ष बालासाहेब ने पार्थ मुद्गल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए मुदगल परिवार का आभार जताया

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

नदबई/भरतपुर, (निसं)। आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर नदबई-भरतपुर के बीच रायसीस फाटक के समीप एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। पुलिस ने रेल पटरी समीप खडी बाइक पर अंकित नम्बर से जांच पड़ताल के बाद युवक की शिनाक्त होने पर परिजनों को सूचना दी। बाद में पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय पर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कठूमर सौंख निवासी छोटल्ली पुत्र कल्लू शक्का विस्ती, नदबई में रायसीस रेलवे फाटक के समीप पटररी पार कर रहा। इसी दौरान अयोध्या भावनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की चपेट में आने के चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में बाइक पर अंकित नम्बर की जांच पडताल में युवक की शिनाक्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम

'स्वास्थ्य, शिक्षा व आत्मसम्मान को नुकसान पहुंचाता है नशा'

■ राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाव के प्रति जागरूक किया

करौली,(निसं)। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना द्वारा बुधवार को जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाव के प्रति जागरूक कराया गया। इस दौरान छात्राओं को नशा मुक्ति एक नई किरण और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं युवान्मुखी राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं प्रमुख विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी से रूबरू करवाया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सहायक निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक करना, नशा मुक्ति अभियान और विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक ने बताया कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करता है। छात्र जीवन में नशे से दूरी बनाए रखना उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नशा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आत्मसम्मान को नुकसान पहुँचाता है। छात्राओं से सकारात्मक संगत, योग व खेल अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर सहायक निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने डेटा और तथ्यों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सहायक निदेशक ने विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, लाड़ो प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना, बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम, सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मां वाउचर योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन महिला सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्राओं को न केवल अपनी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति, स्वरोजगार सहायता और सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए।

इस अवसर पर सहायक निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के कल्याण तथा आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा युवाओं एवं श्रमिकों के लिए संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा संवल योजना, निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व विश्वकर्मा योजना के बारे में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जिले में सभी स्तरों पर विकास रथ, विभिन्न आयोजनों, समस्या समाधान शिविरों सहित राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय पीजी महाविद्यालय एवं जिला पुस्तकालय में भी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं पर आधारित पठनीय सामग्री, ब्रोशर और पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। छात्राओं ने जानकारी को उपयोगी बताते हुए राज्य सरकार की पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने नशा मुक्त जीवन का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ जमुनालाल मीना, प्रोफेसर डॉ हरकेश मीना, नशा मुक्ति प्रभारी डॉ ऋषि शर्मा, सहायक आचार्य अरविन्द मीना, सुमेर मीना, संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

सांसद संजना का पुतला फूंका

बयाना,(निसं)। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद संजना जाटव द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि की राशि हरियाणा में विकास कार्यों के लिए सिफारिश किए जाने को लेकर उनके ही लोकसभा क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है।

बुधवार को बयाना कस्बे के जवाहर चौक पर आमजन और व्यापारियों ने सांसद संजना जाटव का पुतला फूंका और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सांसद कोष की वह राशि, जो भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों पर खर्च होनी चाहिए थी, उसे हरियाणा के कैथल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सिफारिश किया गया है। बताया जा रहा है कि कैथल क्षेत्र कांठोस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के बेटे का निर्वाचन क्षेत्र है। स्थानीय लोगों ने कहा कि संजना जाटव को भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने अपने वोट देकर सांसद चुना है, न कि हरियाणा की जनता ने। ऐसे में क्षेत्र के विकास की अनदेखी कर दूसरे राज्य में सांसद कोष की राशि खर्च करने की सिफारिश करना जनता के साथ विश्वासघात है। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों और आम नागरिकों ने मांग की कि सांसद कोष की राशि का उपयोग भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए ही किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द स्पष्टीकरण और सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

सार-समाचार

गायों को खिलाया हरा चारा व गुड़

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला 3233 ई-1, लायंस क्लब इंटरनेशनल के डीजी लायन सुधीर वाजपेयी के नेतृत्व में 5 जनवरी से 11 जनवरी तक पोषण पर्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लायंस क्लब सार्थक द्वारा पोषण पर्व के अंतर्गत कल गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी साथी स्थानीय गौशाला में एकत्रित हुए, जहाँ गौवंश को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन राजेश मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि सप्ताह भर चल रहे पोषण पर्व के तहत यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य मूक प्राणियों के पोषण और संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन विवेक कुमार मीणा तथा जोन चेयरपर्सन लायन आनंद गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि पशु-पक्षी मूक प्राणी होते हैं, अतः उनके भोजन-पानी का समुचित ध्यान रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। सेवा भाव से किए गए ऐसे कार्य समाज में करुणा और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में मीडिया प्रवक्ता लायन मुकेश गुप्ता (एमबीएम स्कूल), अध्यक्ष लायन अनिल टोडवाल, लायन आशीष अग्रवाल, लायन मयंक गुप्ता, लायन विजय गुप्ता, लायन रेखा गर्ग, लायन स्मिता टोडवाल, रीजन सेक्रेटरी लायन धर्मेंद्र गुप्ता सहित अनेक लायन साथी उपस्थित रहे।

भागवत कथा का भव्य आयोजन आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने हेतु गंगापुर सिटी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन कथा आज गुरूवार से विजय पैलेस, पुरानी चुंगी के पास, गंगापुर सिटी में आयोजित होगी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय राम स्नेही संप्रदाय के सुप्रसिद्ध संत राम प्रसाद महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का आयोजन मोहनलाल गुप्ता, निवासी अग्रवाल नगर, गंगापुर सिटी द्वारा किया जा रहा है। आयोजक मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अनुपम संगम है। उन्होंने गंगापुर सिटी एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा का श्रवण करें एवं धर्मलाभ प्राप्त करें। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1.30 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।

एकादशी उद्यापन को लेकर की चर्चा

भरतपुर, (निसं)। जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति के कार्यकारिणी की बैठक संस्थापक अध्यक्ष जयप्रकाश गोयनका की अध्यक्षता में अयोजित की गई। संस्थापक जयप्रकाश गोयनका ने बताया कि समिति द्वारा 29 जनवरी और 30 जनवरी को तृतीय सामूहिक एकादशी का उद्यापन बाबा मैरिज होम में करवाया जा रहा है. महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता ने कहा कि हमारी समिति जरूरतमंदों का उद्यापन करवाती है और समिति अभी तक दो बार में 22 व्यक्तियों का उद्यापन करवा चुकी है. समिति एक बार में केवल 11 व्यक्तियों का ही उद्यापन करवाती है. अध्यक्ष हरि गोविंद मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म मेँ सबसे बड़ा व्रत एकादशी व्रत होता है इसका उद्यापन आवश्यक होता है अगर कोई व्यक्ति उद्यापन नहीं करवा पता तो पितृदोष लगता है इसी को देखते हुए समिति ऐसे व्यक्तियों का उद्यापन करवाती है जो जरूरतमंद है. बैठक में महिला मंडल संरक्षक श्यामा गोयंका अनु राणा गोपाल गर्ग मानसिंह तारा सिंह विष्णु गुप्ता विष्णु खंडेलवाल देवेश सिंह अशोक राणा अनिल मिश्रा नीलम सिंह अंजू शर्मा सपना डीगिया दीपक शर्मा घनश्याम सिंह पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे.

पौषबड़ा महोत्सव की रही धूम

भुसावर, (निसं)। भुसावर के पंजाबी गुरुद्वारा हनुमानजी मंदिर में आयोजित भव्य पौष बड़ा महोत्सव में सवा क्विंटल प्रसादी का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। व्यापारियों और राम भक्तों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे कस्बे को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता के सूत्र में बांध दिया। भुसावर। प्रदेश में इन दिनों हाड़ कंपाने वाली शीत लहर का प्रकोप जारी है, लेकिन इस कड़ाके की ठंड पर आस्था और भक्ति का रंग भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। कस्बे के कानूनगो मोहल्ला स्थित पुरानी अनाज मंडी के समीप पंजाबी गुरुद्वारा हनुमानजी मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य श्पौष बड़ा महोत्सवश् में भक्ति और श्रद्धा का एक अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय व्यापारियों और राम भक्तों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस महोत्सव ने न केवल क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया, बल्कि कड़कड़ाती सर्दी के बीच सामाजिक समरसता की एक मिसाल भी पेश की। इस धार्मिक आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें लगभग सवा क्विंटल सामठी का उपयोग कर प्रसादी तैयार की गई थी। माघ माह की इस भीषण सर्दी में आमजन को राहत देने और भगवान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी राघवेन्द्र शर्मा द्वारा हनुमानजी, देवी मां, शिव परिवार और भैरव बाबा को विधि-विधान से भोग लगाकर किया गया।

सुनवाई शुरु होने पर जश्न

नदबई/भरतपुर, (निसं) नदबई एडीजे न्यायालय में पारिवारिक मामलें सहित एनडीपीएस एक्ट व मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण के मामलों की सुनवाई को लेकर स्वीकृति जारी होने पर बार-एसोसिएश संघ की ओर से तहसील परिसर में आतिशबाजी के बीच फल वितरित करते हुए जश्न मनाया। इससे पहले बार-एसोसिएशन अध्यक्ष ऋषिराज देशवाल ने एडीजे न्यायालय में पारिवारिक मामलें सहित एनडीपीएस एक्ट व मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण के मामलों की सुनवाई शुरु होने से पीडित पक्षकार को सहूलियत मिलने के बारे में बताया।

चहल गांव में श्मशान नहीं होने से लोग परेशान

बयाना/भरतपुर, (निसं)।उपखंड के गांव चहल में श्मशान भूमि नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को अपने-अपने खेतों में शव ले जाना पड़ता है या फिर गंभीर नदी तक ले जाना मजबूरी बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान के अभाव में अंतिम संस्कार के समय सामाजिक, धार्मिक और मानसिक रूप से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव के निवासी राजकुमार जाटव ने बताया कि जब भी गांव में किसी की मौत होती है, तो श्मशान नहीं होने के कारण परिवार और ग्रामीणों को काफी परेशान होना पड़ता है। खेतों में अंतिम संस्कार करना या दूर नदी तक जाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि गांव में जल्द श्मशान भूमि का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस समस्या को पंचायत के समक्ष रखा गया।

कड़ाके की ठण्ड ने छुड़ाई धूजणी

गंगापुर सिटी, (निसं)। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। पिछले पांच दिनों से क्षेत्र में सर्दी का असर लगातार तेज बना हुआ है। बुधवार को न्यूनतम तापमान एक दिन में ही 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह शहर और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर लगभग 20 मीटर रह गई। इसके चलते वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन में इजाफा हुआ, और ओस भी टपकती रही। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण लोग देर तक बिस्तरों में रहे। सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखी और बाजार भी सामान्य दिनों की तुलना में देरी से खुले।

दोपहर तक कोहरे का असर बना रहा और धूप के दर्शन नहीं हुए, जिससे पूरे दिन ठंड का प्रभाव रहा। लोग ऊनी कपड़े पहने हुए थे, फिर भी सर्द हवाएं चुभ रही थीं। चौराहों और गली-मोहल्लों में लोग अलाव तापते और चाय की दुकानों पर गर्म पेय लेते नजर आए। कड़ाके की सर्दी से आमजन के साथ-साथ मूक पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। शाम होते ही लोग घरों को लौटने लगे, जिससे बाजार भी जल्द बंद हो गए। किसान भी सुबह देर से खेतों की ओर रवाना हुए।हालांकि कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मावठ से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे गेहूं, चना सहित रबी फसलों को लाभ मिलेगा और सिंचाई की जरूरत कम होगी। मावठ के बाद ठंड, कोहरा और सर्द हवाओं ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है, जिसका असर आमजन की दिनचर्या पर साफ दिखाई दे रहा है। वहीं मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में सर्दी के तेवर बढ़ेंगे और कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार है।

चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग का सघन निरीक्षण किया

डीग, (निस)। डीग जिले की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने तथा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री उत्सव कौशल ने बुधवार को कामां उपखंड क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पुरातात्विक महत्व के स्थलों और प्रमुख मंदिरों की प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने कामां स्थित गोकुल चंद्रमा जी मंदिर और मदन मोहन जी मंदिर का दौरा किया। उन्होंने मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए वहां उपस्थित प्रबंधकों और पुजारियों से श्रद्धालुओं के आवागमन की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने विशेष रूप से यात्रियों और बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और उनके रुकने की व्यवस्था के बारे में पूछताछ की, ताकि भविष्य में मेलों और त्योहारों के दौरान क्राउड मैनेजमेंट की बेहतर कार्ययोजना तैयार की जा सके।

कोट ऊपर स्थित ऐतिहासिक चौरासी खंभा मंदिर के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने वहां की प्राचीन कलाकृतियों और स्थापत्य कला का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से स्मारक के इतिहास और वर्तमान स्थिति की तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अमूल्य धरोहर के संरक्षण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता और सुविधाओं को लेकर जिला कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी और अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्रमुख मंदिरों और दर्शनीय स्थलों के आसपास स्वच्छ शौचालय और शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला कलेक्टर ने चरण पहाड़ी मंदिर, भोजनथाली और क्षीर सागर का भी अवलोकन किया। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था सुचारू होनी चाहिए।

अग्रवाल समाज गणना को लेकर बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति की ओर से परिवारों की जनगणना को लेकर बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष मोहनलाल कुनकटा की अध्यक्षता में अग्रवाल खंडेलवाल ट्रस्ट, बद्रीनाथ मंदिर में हुई, जिसमें जनगणना कार्य की अब तक की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई और फॉर्म शीघ्र जमा कराने की अपील की गई।

इस बैठक में जनगणना कार्य की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने जनगणना की सफलता सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। जनगणना संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि समाज के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से ही जनगणना को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी अग्रवाल परिवारों से आग्रह किया कि वे निर्धारित प्रतिनिधियों से जनगणना फॉर्म प्राप्त कर उसे शीघ्र भरकर जमा कराएं। सह-संयोजक वेदप्रकाश ने भी समय पर फॉर्म भरने पर जोर देते हुए कहा कि इससे समाज की सटीक जानकारी सामने आ सकेगी। बैठक में विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों के लिए जनगणना फॉर्म भरवाने की जिम्मेदारी प्रतिनिधियों को सौंपी गई। जिन क्षेत्रों के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किए गए, उनमें ट्रक यूनियन, घास मंडी, खारी बाजार, शंकर मिल, हनुमान मिल, लोहिया मिल, जैन मंदिर क्षेत्र, कैलाश टॉकीज, फव्वारा चौक, नया बाजार, हीरालाल मिल, बद्रीनाथ मंदिर क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, सिंधी कॉलोनी, अग्रवाल भवन, पुरानी अनाज मंडी, नर्सिंग कॉलोनी, रोडवेज स्टैंड, गांधीनगर, श्रीनिवास मिल, बंदरिया बालाजी और शुभलक्ष्मी मिल शामिल हैं।

परिवादी से संवाद कर परिवेदना पर की कार्यवाही की समीक्षा

करौली, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नादौती पंचायत समिति के ग्राम बरदाला में भोलेनाथ जी के मंदिर के पास पेयजल समस्या को लेकर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से दर्ज शिकायत संख्या 122506525058426 पर संज्ञान लेते हुए परिवादी नवल किशोर शर्मा से दूरभाष पर संवाद कर की गई कार्यवाही की समीक्षा की।

परिवादी द्वारा शिकायत के निस्तारण को लेकर असंतुष्टि व्यक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया। इसके उपरांत जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए संबंधित स्थल पर हैंडपंप को चालू कराया गया। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता द्वारा 09 दिसंबर 2025 को दर्ज शिकायत में बताया गया था कि उनके क्षेत्र में स्वीकृत हैंडपंप के बावजूद लंबे समय से पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी, जिससे स्थानीय नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण को संबंधित अधिकारियों को अठोषित किया गया तथा विभिन्न स्तरों पर समीक्षा के बाद मौके पर कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि नए हेंडपम्प के लिए किसी भी प्रकार की स्वीकृती प्राप्त नहीं हुई थी। हालाँकि नजदीकी स्थान राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास हेंडपम्प को दुरुस्त करवाकर समस्या का निस्तारण किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नादौती उपखंड के सहायक अभियंता द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध हुई है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का मुख्यमंत्री की मंशानुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए।

मुकेश बने निर्विरोध अध्यक्ष

गंगापुर सिटी, (निसं)। नया बाजार मनिहारी एसोशियन की मीटिंग शीतला माता रोड मोती पैलेस में आयोजित की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से मुकेश कंजौली वालों को अध्यक्ष चुना गया।

मनिहारी एसोशियन की मीटिंग में मंत्री पद पर बालचंद, उपाध्यक्ष आरिफ, कैशियर मदन मोहन, प्रचार मंत्री नीरज एवं सौरभ, संरक्षक मंडल में बिहारी लाल, गोविंद प्रसाद, कैलाश चंद, नेमीचंद, बबलू को सर्वसम्मति से चुना गया।

संगठन से समाज को मिलेगी नई दिशा : सीए अतुल मित्तल

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा, भरतपुर द्वारा जिले के प्रमुख एवं जनसंख्या की दृष्टि से बड़े ग्राम पीपला में अग्रवाल समाज की नई इकाई का विधिवत एवं सर्वसम्मति से गठन किया गया।

पीपला क्षेत्र में बड़ी संख्या में अठावाल समाज के परिवार निवास करते हैं। लंबे समय से यहां एक संगठित इकाई की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नई इकाई के गठन से समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, जिला महामंत्री मुकेश सिंघल, कोषाध्यक्ष नवरतन गर्ग एवं संयोजक प्रमोद कल्याण विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार रामकुमार गर्ग को अध्यक्ष, रविंद्र गर्ग को महामंत्री, अमित गर्ग को कोषाध्यक्ष, सिंटू गर्ग को उपाध्यक्ष तथा देवेंद्र गर्ग को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाजबंधुओं द्वारा माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मोहनलाल, मुकेशचंद, जगदीश प्रसाद, ललतेश, विशाल, गोविंद शरण आदि मौजूद रहे।

'बृज नगर को आदर्श विधान सभा क्षेत्र बनाना संकल्प'

डीग/भरतपुर, (निसं)। सरकार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बृजनगर को प्रदेश का आदर्श विधान सभा क्षेत्र बनाना हमारा संकल्प है और यह तभी संभव है, जब सरकार और जनता मिलकर विकास का रोडमैप तय करें यह बात प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग जिले के बृजनगर में आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन एवं वृहद जन-संवाद कार्यक्रम में कही।

मंत्री बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और विकास कार्यों को गति देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएंगे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि बृजनगर के भविष्य को दिशा देने वाला लोक-मंथन साबित हुआ। अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने बृजनगर के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किए गए 'विजन डॉक्यूमेंट' की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई गई है। सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल भी उपस्थित रहे।

उन्होंने मंत्री बेढ़म के साथ आमजन की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि प्रशासन विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोपरि रखेगा। समारोह की विशेषता मंत्री बेढ़म की सहज और संवादपरक कार्यशैली रही। उन्होंने प्रोटोकॉल से ऊपर उठकर वरिष्ठ